छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग और आस्ट्रेलिया के जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के बीच एमओयू

चर्चा में क्यों?

24 मई, 2023 को छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग और आस्ट्रेलिया के जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के बीच छत्तीसगढ़ में कुपोषण तथा गैर-संचारी रोगों पर पाँच वर्ष के शोध के लिये एमओयू किया गया।

प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह और जॉर्ज इंस्टीट्यूट की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रो. अनुष्का पटेल ने इस गैर-वित्तीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किये।
- एमओयू के अंतरगत जॉर्ज इंस्टीट्यूट प्रदेश में कुपोषण एवं गैर-संचारी रोगों पर शोध कर तकनीकी मॉडल तैयार करेगा। यह मॉडल पूर्ण रूप से फील्ड रिसर्च के बाद एविडेंस आधारित मॉडल होगा जिससे इन गंभीर समस्याओं के कारण होने वाली बीमारियों के निराकरण में मदद मिलेगी।
- विदित है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और उन्नत शिक्षण संस्थानों के अध्ययन व अवलोकन के लिये छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टी.एस. सिंहदेव के नेतृत्व में प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सिडनी में जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के साथ एमओयू किया।
- गौरतलब है कि जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ का मुख्यालय ऑस्ट्रेलिया में है तथा यूनाइटेड किंगडम, चीन और भारत में इसके क्षेत्रीय कार्यालय संचालित हैं। यह संस्थान गैर-संचारी रोगों, कुपोषण, गुर्दे की बीमारी तथा इन्जुरी व ट्रामा सहित विभिन्न रोगों पर शोध करता है।
- जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ बड़े पैमाने पर चिकित्सा विज्ञान संबंधी अध्ययन के लिये जाना जाता है और यह दुनिया भर में अग्रणी शोध विश्वविद्यालयों में से एक है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-chhattisgarh-health-and-medical-department-and-australia-s-george-institute-for-global-health